# प्रयोग का नाम- मुक्त साहचर्य

# (Free association)

## (यह क्रियात्मक पक्ष काल्पनिक हैं। दिए गए आकड़ों के स्थान पर अपने आकड़ें लिखें)

प्रयोग का उद्देश्य - मुक्त साहचर्य की शब्द सूची विधि द्वारा साहचर्य के नियमों का अध्ययन करना

स्थान - मनोवैज्ञानिक प्रयोगशाला

आवश्यक सामग्री - केन्ट - रोजेनफ शीट, विराम घड़ी, पैंसिल, ग्राफ

## निरीक्षण तालिका

### तालिका सं॰ 1 (समानता का नियम)

| क्रमांक | उद्दीपक शब्द | प्रतिक्रिया शब्द | प्रतिक्रिया काल | औसत प्रतिक्रिया काल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | खिड़की | दरवाजा | 2 sec. | |
| 2. | हरा | नीला | 3 sec. | |
| 3. | बाइबिल | कुरान | 2 sec. | |
| 4. | मक्कन | दही | 1.6 sec. | = 1.86 sec. |
| 5. | पीला | नीला | 1.2 sec. | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6. | शिशु | बालक | 1.5 sec. | |
| 7. | हथौड़ा | कुल्हाड़ी | 2.3 sec. | |
| 8. | सिपाही | दरोगा | 1.9 sec. | |
| 9. | चिकित्सक | डॉक्टर | 1.6 sec. | |
| 10. | भेड़ | बकरी | 1.5 sec. | |

तालिका सं० 1 की व्याख्या

तालिका सं० 1 'समानता के नियम' को प्रदर्शित कर रही है। विषयी द्वारा दिए गए 10 (response) अनुक्रियाएँ समानता के नियम का अनुकरण कर रही हैं। इन अनुक्रियाओं में विषयी ने 1 से 5 sec के बीच समय लिया है। विषयी ने 'हरा' शब्द की अनुक्रिया देने में थोड़ा ज्यादा समय 3sec लिया तथा 'हथौड़ा' शब्द में 2.3 sec का समय लिया। इसका कारण पूछने पर विषयी ने बताया कि उसे कई शब्दों में से एक चुनने में समस्या रही थी। इस नियम में विषयी का इस औसत प्रतिक्रिया काल 1.86 sec रहा।

## तालिका सं० 2 (विरोध का नियम)

| क्रमांक | उद्दीपक शब्द | प्रतिक्रिया शब्द | प्रतिक्रिया काल | औसत प्रतिक्रिया काल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुंदर | बदसूरत | 2 sec. | |
| 2. | लड़की | लड़का | 1.7 sec. | |
| 3. | धर्म | अधर्म | 1 sec. | |
| 4. | बालक | बालिका | 1 sec. | = 1.79 sec. |
| 5. | चोर | कोतवाल | 2.1 sec. | |
| 6. | खराब | सही | 1.9 sec. | |
| 7. | लड़का | लड़की | 1.1 sec. | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8. | स्मृति | विस्मृति | 1.7 sec. | |
| 9. | शांत | अशांत | 5 sec. | |
| 10. | पृथ्वी | आकाश | 2.8 sec. | |
| 11. | खुशी | दुखी | 1.4 sec. | |
| 12. | तीव्र | धीमा | 1 sec. | |
| 13. | न्याय | अन्याय | 1.7 sec. | |
| 14. | स्वास्थ्य | अस्वस्थ | 1.3 sec. | |
| 15. | भारी | हल्का | 1.4 sec. | |
| 16. | प्रकाश | अन्धकार | 1.6 sec. | |
| 17. | चन्द्रमा | सूरज | 1.8 sec. | |

तालिका सं० 2 की व्याख्या-

तालिका सं०2 विरोध के नियम को प्रदर्शित करती है। विषयी द्वारा दी गयी 17 अनुक्रियाएँ (Responses) विरोध के नियम का अनुकरण कर रही हैं। इन responses में विषयी ने 1 से 5 sec. तक का समय लिया है। विषयी ने 'शान्त' शब्द की अनुक्रिया देने में 5 sec. का समय लिया है इसका कारण पूछने पर विषयी ने बताया कि वह कई शब्दों में से सटीक शब्द के चुनाव में थोड़ी असमंजस की स्थिति में थी। इसके अतिरिक्त विषयी ने 'पृथ्वी' शब्द के response में 2.8.sec का समय लगाया। इस नियम के अंतर्गत विषयी का औसत प्रतिक्रिया काल (Average Response time) 1.79 sec रहा।

## तालिका सं० 3 (समीपता का नियम)

| क्रमांक | उद्दीपक शब्द | प्रतिक्रिया शब्द | प्रतिक्रिया काल | औसत प्रतिक्रिया काल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गली | दरवाजा | 1.2 sec. | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2. | राजा | प्रजा | 1 sec. | |
| 3. | प्यासा | कुंआ | 1.7 sec. | |
| 4. | नाटक | मंच | 2 sec. | |
| 5. | तम्बाकू | पान | 2.6 sec. | = 1.7 sec. |

तालिका सं० 3 की व्याख्या -

तालिका सं० 3 समीपता के नियम को प्रदर्शित करती है। इस नियम के अंतर्गत विषयी ने 5 अनुक्रियाएँ (Response) दी है। इन अनुक्रियाओं मे विषयी ने 1 से 3 sec का समय लिया है। इस नियम के आधार पर अनुक्रियाएँ सामान्य समय अंतराल में किया। अर्थात् किसी भी विषय में ज्यादा समय नहीं लिया। विषयी के इस नियम के आधार पर Average response time 1.7 sec है।

## तालिका सं० 4 (प्राथमिकता का नियम)

| क्रमांक | उद्दीपक शब्द | प्रतिक्रिया शब्द | प्रतिक्रिया काल | औसत प्रतिक्रिया काल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पनीर | सब्जी | 2 sec. | = 1.6 sec. |
| 2. | खिलना | फूल | 1.2 sec. | |

तालिका सं. 4 की व्याख्या-

इस तालिका के अंतर्गत प्राथमिकता के नियम को प्रदर्शित किया गया है। इस नियम के अंतर्गत विषयी ने सिर्फ दो अमुक्रियाएँ (response) दिए हैं। तथा दोनों में सामान्य समय लिया। इस नियम के अंतर्गत विषयी का Average Response time 1.6 see है।

## तालिका सं० 5 (बारम्बारता का नियम)

| क्रमांक | उद्दीपक शब्द | प्रतिक्रिया शब्द | प्रतिक्रिया काल | औसत प्रतिक्रिया काल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नमक | मिर्च | 1.8 sec. | |
| 2. | डर | निर्भय | 2.6 sec. | |
| 3. | गोभी | फूल | 2 sec. | |
| 4. | वर्ग | धर्म | 1 sec. | 1.76 sec. |
| 5. | शहर | गाँव | 1.7 sec. | |
| 6. | शेर | मांस | 2.7 sec. | |
| 7. | कैंची | चाकू | 1.5 sec. | |

तालिका सं० 5 की व्यारण्या -

इस तालिका के अंतर्गत बारम्बारता का नियम प्रदर्शित किया गया है। इस नियम के अंतर्गत विषयी ने सिर्फ 7 अनुक्रियाएँ (Response) दी हैं। विषयी ने अनुक्रिया देने में 1 से 3 sec का समय लगाया। विषयी ने सामान्य रुप से सही अंतराल समय में उत्तर दिए हैं। इसमें विषयी द्वारा दी गयी अनुक्रियाएँ बारम्बारता के नियम को मानती हैं। विषयी का इस नियम के आधार पर Average response time 1.76 sec है।

## तालिका सं० 6 (स्पष्टता का नियम)

| क्रमांक | उद्दीपक शब्द | प्रतिक्रिया शब्द | प्रतिक्रिया काल | औसत प्रतिक्रिया काल |
|---|---|---|---|---|

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कड़ा | खड़ा | 1.5 sec. | = 1.95 sec. |
| 2. | दीपक | उजाला | 2.4 sec. | |

तालिका सं० 6 की व्याख्या

इस तालिका के अंतर्गत स्पष्टता के नियम की व्याख्या की गयी है। विषयी ने इस नियम के अंतर्गत कुल 2 response दिए हैं। दोनों ही अनुक्रियाओं के विषय में जब विषयी से पूछा तो उसने बताया 'दीपक' से उसे प्रकाश व उजाला, इसकी स्पष्टता का ज्ञान हो रहा था। विषयी ने अनुक्रिया देने में 1 से 3sec समय लगाया । विषयी का इस नियम के अंतर्गत औसत अनुक्रिया काल Average Response time 1.95 sec रहा।

## तालिका सं० 7 (मनोभाव का नियम)

| क्रमांक | उद्दीपक शब्द | प्रतिक्रिया शब्द | प्रतिक्रिया काल | औसत प्रतिक्रिया काल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | खट्टा | मीठा | 1.3 sec. | |
| 2. | कष्ट | निर्भय | 1.8 sec. | |
| 3. | पदार्थ | हथौड़ा | 4 sec. | |
| 4. | पेट | भरा | 2 sec. | 1.9 sec. |
| 5. | कड़वा | मीठा | 1.3 sec. | |
| 6. | गिद्ध | चुड़ैल | 1.6 sec. | |
| 7. | रोटी | कपड़ा | 1.3 sec. | |

तालिका सं. 7 की व्याख्या -

यह तालिका मनोभाव के नियम को प्रदर्शित कर रही है। विषयी ने इस नियम के आधार पर कुल 7 अनुक्रियाएँ (Response) दिए हैं। विषयी ने 1 से 4 sec के अंदर समय लिया है। इसमें विषयी ने सभी अनुक्रियाएँ अपने मन के भावों के आधार पर दी है। जैसे-'पेट' का 'भरा' क्योंकि उस समय उसका पेट भरा हुआ था उसने कुछ समय पहले ही भोजन किया था। कष्ट' की 'निर्भय' अनुक्रिया देने का कारण बताते हुए विषयी ने कहा कि उसने ऐसा अपने अनुभवों के आधार पर कहा। विषयी के नियम के अंतर्गत Average Response time 1.9 sec रहा।


## तालिका सं० 8 (अवलोकन तालिका)

| साहचर्य के नियम | शब्दों की संख्या | कुल प्रतिक्रिया काल | औसत प्रतिक्रिया काल |
|---|---|---|---|
| समानता का नियम | 10 | 18.6 sec. | 1.86 sec. |
| विरोध का नियम | 17 | 30.5 sec. | 1.79 sec. |
| समीपता का नियम | 5 | 8.5 sec. | 1.7 sec. |
| प्राथमिकता का नियम | 2 | 3.2 sec. | 1.6 sec. |
| बारम्बारता का नियम | 7 | 12.3 sec. | 1.76 sec. |
| स्पष्टता का नियम | 2 | 3.9 sec. | 1.95 sec. |
| मनोभाव का नियम | 7 | 13.3 sec. | 1.9 sec. |

अवलोकन तालिका की व्याख्या -

यह अवलोकन तालिका सभी 7 तालिकाओं के लिए एक Common table है। यह तालिका प्रयोग के अंतिम परिणाम को दर्शाती है। इसके आधार पर हम यह कह सकते हैं कि विषयी का विरोध का नियम ज्यादा दृढ़ और अच्छा है अर्थात् इस नियम के अंतर्गत उसने 17 उत्तर या प्रतिक्रियाएँ दी हैं। तथा इसमें कुल प्रतिक्रिया काल 30.5 sec है। विषयी ने इस (विरोध के नियम) में औसत प्रतिक्रिया काल 1.79sec प्राप्त किया है। इसके बाद समानता के नियम में 10 प्रतिक्रियाएँ दी हैं। बारम्बारखा व मनोभाव के नियम में 7-7 प्रतिक्रियाएँ दी हैं।

## अवलोकन तालिका का ग्राफीय प्रदर्शन



ग्राफ की व्याख्या -

1. उपर्युक्त ग्राफ तालिका सं०- 8, अवलोकन तालिका का ग्राफीय चित्रण है। अतः इस ग्राफ के आधार पर हम यह कह सकते हैं कि विषयी का विरोध का नियम ज्यादा दृढ़ व अच्छा है। विरोध के नियम के अंतर्गत विषयी ने कुल 17 प्रतिक्रियाएँ दी हैं। विषयी के अंदर विरोधी प्रवृत्ति ज्यादा है।
2. विषयी ने शब्दों के प्रतिविरोध के बाद, शब्दों की समानता के प्रति अधिकांश प्रतिक्रिया दी है। अर्थात् विषयी ने समानता के नियम के अंतर्गत 10 अनुक्रियाएँ दी है। अतः विषयी को शब्दों की समानता की भी ज्ञान है।
3. समानता के बाद विषयी की शब्दों की बारम्बारता तथा मनोभाव में भी अधिकांश प्रतिक्रिया क्रमशन व 7 व 7 दी हा अतः विषयी को शब्दों की बारम्बारता का भी ज्ञान है।
4. उद्दीपक शब्दों की समीपता में विषयी की प्रतिक्रिया 5 है। शतः विषयी को शब्दों की समीपता का भी ज्ञान है।
5. विषयी ने सबसे कम प्रतिक्रिया शब्दों की प्राथमिकता तथा स्पष्टता में दी है। अर्थात दोनों में क्रमशः 2 व 2 प्रतिक्रियाएँ दी है। अतः विषयी को शब्दों की प्राथमिकता तथा शब्दों की स्पष्टता का ज्ञान सबसे कम है।

निष्कर्ष -

इस प्रकार किए गए प्रयोग के आधार हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि विषयी के लिए सबसे प्रमुख नियम विरोध का नियम है। इससे यह पता चल रहा है कि विषयी की भावनाओं में नकारात्मकता व्याप्त है। अतः प्रयोग के आधार पर यह कह सकते हैं कि विषयी को समानता के नियम का भी ज्ञान है। लेकिन विषयी को बारम्बारता व मनोभाव के नियम का उचित ज्ञान नहीं है।